दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### जेल प्रहरी को चकमा देकर कैदी जिला अस्पताल से भागा

**धमतरी-रायपुर (आरएनएस)।** जेल प्रहरी को चकमा देकर कैदी जिला अस्पताल से फरार हो गया. इस घटना के बाद पुलिस जेल प्रहरी को सस्पेंड कर दिया गया है. बता दें कि पंचराम निषाद उर्फ पंचू चोरी के आरोप में जिला जेल में विचाराधीन बंदी था. उसके खिलाफ कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज है. जानकारी के मुताबिक, चोरी और धोखाधड़ी के मामले में पंचू 15 सितंबर 2024 को गिरफ्तार हुआ था. पेट दर्द होने पर एम्बुलेंस से कैदी पंचू को प्रहरी जिला अस्पताल लेकर गया था. यहां अस्पताल के शौचालय में बैठकर हथकड़ी खोलकर कैदी फरार हो गया. यह घटना रविवार दोपहर की घटना है।

### छत्तीसगढ़ के इभानन साहू ने ओलंपिक्स एशिया पैसिफिक में किया देश का नाम रौशन

**रायपुर (आरएनएस)।** विशेष बच्चे जिन्हे दिव्यांग कहा जाता है वे अवंतीविहार स्थित आकांक्षा दिव्यांग केन्द्र में प्रशिक्षकों की मदद से आर्थिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में अपनी सेवाए देकर सामान्य बच्चों के बराबर काम कर रहे है। इसी कड़ी में आज अमितोष तिवारी ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी इभानन साहू ने 18 से 23 नवम्बर के मध्य दिल्ली में आयोजित त्यागराज स्पोटस् कॉम्पलेक्स में आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स एशिया पैसेफिक प्रतियोगिता में बॉलिबाल और बालिंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर भारत का नाम सम्पूर्ण विश्व में रौशन किया। ऑटिज्म रोग से पीड़ित 23 वर्षीय इभानन ने 10 पिन बालिंग चैम्पियनशिप में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 3 पदक जीते। इभानन ने व्यक्तिगत श्रेणी में रजत पदक, मिश्रित टीम श्रेणी में रजत पदक और युगल टीम श्रेणी में कांस्य पदक जीता।

### छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड पर्यटन नीति 2020 के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति के सदस्यों के साथ ली गई बैठक

**सूरजपुर (आरएनएस)।** कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में छत्तीसगढ टूरिज्म बोर्ड पर्यटन नीति 2020 के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति के सदस्यों के साथ जिला सूरजपुर अंतर्गत विभिन्न पर्यटन स्थलों का विकास के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें समिति के सदस्यों के साथ जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।कुदरगढ़ में रोप-वे निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। रोप-वे के निर्माण को मूर्त रूप देने के लिए नियमानुसार कार्यवाही की बात की गई। जिले के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल का व्यापक प्रचार-प्रसार हो इसके लिए शहर के महत्वपूर्ण जगहों (बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, विश्राम गृह इत्यादि) पर पर्यटन स्थल का पोस्टर लगाया जाएगा। पोस्टर में पर्यटन स्थल का नाम व शहर के केंद्र बिंदु से पर्यटन स्थल की दूरी का चित्रण किया जाएगा ताकि लोकल लोगों के साथ-साथ बाहरी लोग भी जिले के पर्यटन स्थल से परिचित हो सकें। बैठक में जिला स्तरीय पर्यटन समिति के (डीएलटीएस) द्वारा चिन्हांकित पर्यटन/धार्मिक स्थल खोपा देवी धाम, राष्ट्रपति भवन पण्डोनगर, रामेश्वनगर पर्यटन स्थल पर चर्चा की गई। सूरजपुर जिले में राज्य से चिन्हांकित प्रमुख पर्यटन/धार्मिक स्थल कुदरगढ़ धाम, सारासोरो, तमोर पिंगला अभ्यारण्य एवं 28 अन्य प्रमुख पर्यटन/धार्मिक स्थल में से कुमेली फॉल, बॉक, कर्करेखा सत्तीपारा इत्यादि में सुविधाओं का विस्तार, केनापारा पर्यटन स्थल के संचालन के संबंध में चर्चा की गई। इसके साथ ही पहाडगांव में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इसे पिलखा पहाड़ के रूप में विकसित किये जाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई और इससे जूड़ी हुई व्यवहारिक चुनौंतियों की ओर ध्यान आकर्षण किया गया। इस अवसर पर बैठक में भीमसेन अग्रवाल, गणमान्य सदस्य, एसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का सीईओ यादव ने त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**रायगढ़**





जिला स्तरीय आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी मांग एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन दिए। जनदर्शन में राशन कार्ड, चिकित्सा, आवास निर्माण, आर्थिक सहायता राशि जैसे विभिन्न आवेदन भी प्राप्त हुए। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने जनदर्शन में लोगों की समस्याएं, शिकायतें सुनी और उनसे आवेदन प्राप्त किए।

जनदर्शन में संबलपुरी निवासी वृद्ध महिला समारीन अघरिया निराश्रित पेंशन राशि दिलाए जाने के संबंध में आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि उनका कोई विधिक वारिसान नहीं है और उम्र के इस पड़ाव में कही भी काम करने में कठिनाई हो रही है, उन्होंने निराश्रित पेंशन राशि दिलाए जाने का आग्रह किया। विकासखण्ड खरसिया के ग्राम पंचायत अंजोरीपाली निवासी सीमा महंत बच्चे के इलाज के लिए सहायता राशि दिलाए जाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि उनका बेटी सीकेडी का मरीज है। उसका हफ्ते में तीन बार डायलिसिस कराना पड़ता है और रायपुर में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि उनके पास जो भी जमापूंजी थी वह सब इलाज में खत्म हो गया है और आगे इलाज के लिए रूपये की जरूरत है। विनोबानगर के लोचन प्रसाद पटेल भारत सरकार की योजना अमृत मिशन के अंतर्गत नल कनेक्शन दिलाए जाने का आग्रह किया।

ग्राम-गेरवानी के भोय प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र खोले जाने संबंध में आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने बताया कि ग्राम-गेरवानी एक औद्योगिक क्षेत्र है जहां पर निम्न आय वर्ग के लोग निवासरत है। उनके लिए महंगी दवाईयां खरीदने में दिक्कतें होती है। वे शासन की योजना प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र गेरवानी में खोलना चाहते है जिसके लिए जगह की भी आवश्यकता है। उन्होंने बस स्टैण्ड के पास यात्री प्रतिक्षालय के बगल में खाली जगह पर जन औषधि केन्द्र खोले जाने हेतु अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया। रायगढ़ गोवर्धनपुर के ग्रामवासी गोवर्धनपुर पुल के बाजू से अवैध रूप से जारी रपटा निर्माण कार्य पर रोक लगाये जाने संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि केलो नदी पर बना हुआ पुल जो कि गोवर्धनपुर में स्थित है जो जर्जर होने के कारण भारी वाहनो के आवागमन के लिए पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। विगत 5 से 6 दिनों से गोवर्धनपुर के बाजू से नया रपटा का निर्माण कार्य भारी वाहनों के आने जाने के लिए किया जा रहा है जिसके संबंध में लोक निर्माण सेतु विभाग से पता करने पर विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि यह रपटा उनकी अनुमति से नहीं बनाया जा रहा है। उन्होंने गोर्वधनपुर के बाजू से बन रहे रपटे के निर्माण पर तत्काल रोक लगाने हेतु आग्रह किया। जिससे पर्यावरण एवं नदी में बह रहे पानी दूषित होने से बचाया जा सके। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर यथासंभव निराकरण के निर्देश दिए।

## कैबिनेट की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**रायपुर । आरएनएस**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मंत्रिपरिषद द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को वितरण हेतु नागरिक आपूर्ति निगम को आवश्यक चना उपार्जन,ई-ऑक्शन प्लेटफॉर्म के माध्यम से किए जाने की अनुमति दी गई। मंत्रिपरिषद ने विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित प्रकरणों को जनहित में न्यायालय से वापस लिये जाने के संबंध में गठित मंत्रिपरिषद की उप समिति द्वारा अनुशंसित 54 प्रकरणों को न्यायालय से वापस लिए जाने हेतु आगामी कार्यवाही किए जाने का अनुमोदन किया। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में राज्य में मक्का फसल तथा प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान अंतर्गत दलहन-तिलहन और रबी विपणन मौसम 2025-26 में चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु नेफेड एवं एनसीसीएफ को प्रोक्योरमेंट एजेंसी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों को नवीन उन्नत किस्म के बीजों की उपलब्धता उचित मूल्य पर सुनिश्चित करने के लिए मंत्रिपरिषद ने आज महत्वपूर्ण फैसला लिया। इसके तहत भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी से आवश्यकतानुसार सीधे बीज क्रय किया जा सकेगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम को छत्तीसगढ़ राज्य भंडार क्रय नियम 2002 के नियम 4 में छूट देने का निर्णय लिया गया। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य जल विद्युत परियोजना (पम्प स्टोरेज आधारित) स्थापना नीति 2023 में परियोजना विकासकर्ता को वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ करने की तिथि से प्रथम पांच वर्षो के लिए प्रति वर्ष 01 लाख रूपए प्रति मेगावाट की दर से लिए जाने वाले हरित ऊर्जा विकास शुल्क को समाप्त करने का निर्णय लिया गया। हरित ऊर्जा शुल्क में प्रत्येक पांच साल के बाद 25 प्रतिशत की वृद्धि का भी प्रावधान था, इसे भी समाप्त कर दिया गया है। इससे राज्य में जल विद्युत परियोजनाओं एवं ग्रीन एनर्जी के उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रिपरिषद ने कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाओं को केन्द्रीकृत किये जाने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया है। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में हाउसिंग एण्ड अर्बन डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (हुडको) से आवास, नगरीय विकास एवं अन्य क्षेत्रों में सहायता प्राप्त करने हेतु समझौता ज्ञापन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य को हुडको द्वारा आगामी 5 वर्षो में एक लाख करोड़ रूपए तक की वित्तीय सहायता, परामर्श, क्षमता विकास सेवाएं प्रदान करने का प्रस्ताव दिया गया है। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अब तक तथा भविष्य में प्राप्त होने वाली भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित करने पर राज्य शासन द्वारा लागू व्यपवर्तन शुल्क प्रीमियम, अर्थदण्ड एवं भू-राजस्व के पुन: निर्धारण से छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इससे हाउसिंग बोर्ड के मकान क्रेताओं को लाभ होगा। मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा फ्री-होल्ड किए गए आवासीय भूखण्डों के लिए व्यपवर्तन शुल्क एवं अर्थदण्ड से छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

### हसदेव नदी-जंगल बचाओ पदयात्रा की शुरुआत में रायपुर से डॉ. सत्यजीत साहू एवं डॉ. उदयभान हुए शामिल

**रायपुर (आरएनएस)।** हसदेव नदी-जंगल बचाओ पदयात्रा 24 नवंबर को नेहरू चौक बिलासपुर से प्रारंभ हुई। हसदेव बचाओ के नारों के साथ यात्रा को हरी झंडी दिखाने के लिए पाली तानाखार से विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम, जाने माने राजनीतिक व्यक्तित्व नंद कश्यप, शिवा मिश्रा उपस्थित थे। पूर्व विधायक शैलेश पांडेय ने पदयात्रा के साथ दयालबंद तक चलकर अपना समर्थन व्यक्त किया। पदयात्रा आज प्रथम दिन नेहरु चौक से प्रारंभ होकर शहर के मध्य सदर बाजार गोल बाजार गांधी चौक दयालबंद मोपका होते हुए जयरामनगर तक शाम 7 बजे पहुंची। आज पदयात्रा में रायगढ़ से राधेश्याम शर्मा, रायपुर से डॉक्टर सत्यजीत साहू, डॉक्टर उदयभान सिंह चौहान, प्रयोग आश्रम तिल्दा से सीताराम सोनवानी, जन स्वास्थ्य सहयोग गनियारी से मती सुरभी, यदुनंदन नगर तिफरा से अजय मिश्रा और सुरज दुबे तथा प्रियंका उपाध्याय ने भागीदारी कर समर्थन दिया। मोपका चौक पर पार्षद सु संध्या तिवारी, पार्षद लाला और महिमा मिश्र ने अनेक नागरिकों के साथ पदयात्रियों का फल व फूलमालाओं से स्वागत किया। आज पदयात्रा में महमूद आलम के निवास स्थान विजडम हाउस गार्डन में मध्य का विश्राम किया गया। पदयात्रियों ने रास्ते में पडऩे वाले ग्रामों में नागरिकों को हसदेव नदी व जंगल के महत्व को बताया और उसे बचाने के लिए जागरूक किया।

## संविधान दिवस पर वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश मिश्रा ने बच्चों से की चर्चा

**रायगढ़**



अध्यक्ष / प्रधान जिला न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ के मार्गदर्शन में आज संपूर्ण जिले में संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठजन के आश्रय गृह तथा गुरूद्रोणाचार्य स्कूल में प्रवीण मिश्रा वरिष्ठ व्यवहार न्यायाधीश उपस्थित रहें। जहां उन्होंने बच्चों के साथ टिफिन किए और संविधान पर चर्चा की। उन्होंने वरिष्ठजनों को सालसा की करूण योजना पर विस्तार से परिचर्चा संपादित हुई।

## संविधान दिवस पर पीडी कॉलेज में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**रायगढ़**



संविधान दिवस के अवसर पर आज शासकीय पालूराम धनानिया वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय रायगढ़ के विधिक शिक्षा केन्द्र में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ जितेन्द्र कुमार जैन ने शिविर में संविधान के विषय में बताया कि संविधान की प्रस्तावना पूरे संविधान का सार है। आगे उनके द्वारा अन्य विषयों में जैसे टोन्ही प्रताडऩा अधिनियम, भारतीय नागरिक संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, जैसे नये कानून के बारे में बताया गया। न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य के द्वारा संविधान के उद्देशिका पर महत्वपूर्ण रूप से प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उदेशिका में संप्रभुत्ता सामाजवाद धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र और गणतंत्र शामिल है तथा संविधान का मुख्य उद्देश्य न्याय, स्वतंत्रता, सामानता और बंधुत्व की प्राप्ति करना है।

अंकिता मुदलियार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने एक कविता के माध्यम से बताया कि संविधान धर्म, जाति, भाषा, पर भेद भाव नही करता है। यह लोकतंत्र का श्रृंगार है और यही भारत का आधार है। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को नि:शुल्क विधिक सलाह के विषय में भी बताया गया अन्त में संविधान दिवस के अवसर पर किये गये प्रतियोगिता में हुए विजेता विद्यार्थियों को जितेन्द्र कुमार जैन, संतोष कुमार आदित्य एवं अंकिता मुदलियार के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ज्योति सोनी तथा विभागाध्यक्ष प्रदीप शर्मा उपस्थित रहे।

## मैनेजर से मारपीट करने वाले गैस डिलीवरी ब्वॉय पर कोतवाली पुलिस ने की आर्म्स एक्ट की कार्यवाई

**रायगढ़**

इंडियन गैस मैनेजर से मारपीट और गाली-गलौच करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी डिलीवरी ब्वॉय को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 25 नवंबर को सुबह और शाम के समय की है, जब आरोपी महेश साहू (32 वर्ष) ने मैनेजर विकास शर्मा (39 वर्ष) पर धारदार हथियार से हमला किया।

दरोगापारा बुढीमांई मंदिर के पास रहने वाले विकास शर्मा उम्र 39 वर्ष द्वारा थाना कोतवाली में मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराया गया, रिपोर्टकर्ता ने बताया कि इंडियन गैस गौरी शंकर मंदिर चौक में मैनेजर का काम करता है। महेश साहू, जो इंदिरानगर पार्षद गली निवासी है, सुबह शराब के नशे में ड्यूटी पर आया था। मैनेजर विकास शर्मा ने उसे काम से मना कर दिया। इससे नाराज महेश शाम 4 बजे इतवारी बाजार में पहुंचा, जहां विकास शर्मा कुर्सी पर बैठे थे। वहां महेश ने गाली-गलौच करते हुए अचानक लोहे के धारदार हथियार (चाकुनुमा बांदा) से हमला कर दिया।

घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल अप.क्र. 721/2024 का FIR दर्ज की। आरोपी के खिलाफ धारा 296, 351(2), 115(2) बीएनएस के तहत मामला कायम किया गया। मेडिकल रिपोर्ट और जांच के आधार पर आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 118 बीएनएस भी जोड़ी गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी महेश साहू पिता रामदीन साहू 32 साल इंदिरानगर पार्षद गली वार्ड नंबर 07, थाना कोतवाली, रायगढ़ को गिरफ्तार कर उसके पास से अपराध में प्रयुक्त लोहे का बांदा बरामद किया। महेश साहू को रिमांड पर भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में महिला प्रधान आरक्षक राजश्री वैष्णव और आरक्षक गणेश पैंकरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कोतवाली पुलिस की क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए इस तरह की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# कटनी रूट पर मालगाड़ी पटरी से उतरी, कई ट्रेनें प्रभावित

**बिलासपुर-रायपुर । आरएनएस**



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर रेल मंडल के खोडरी - भनवांरटक के मध्य मालगाड़ी ड्रिलमेंट होने के कारण कटनी रूट की गाडियों का परिचालन प्रभावित हो गया है। रेलवे सूत्रों ने बताया कि मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने के कारण इस रूट की कई गाडियां प्रभावित हो गई हैं।

प्रभावित होने वाली गाडियां :

(1) गाड़ी संख्या 12549 दुर्ग - उधमपुर सुपर फास्ट एक्सप्रेस दिनांक 26 नवंबर 2024 को परिवर्तित मार्ग दुर्ग - राजनांदगांव गोंदिया- जबलपुर - कटनी- मुड़वारा होते हुए अपने गंतव्य तक जाएगी।

(2) गाड़ी संख्या 18242 अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस दिनांक 26 नवंबर 2024 को रद्द रहेगी।

(3) गाड़ी संख्या 18241 दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस दिनांक 26 नवंबर 2024 को रद्द रहेगी।

(4) गाड़ी संख्या 12854 भोपाल दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस दिनांक 26 नवंबर 2024 को परिवर्तित मार्ग जबलपुर गोंदिया दुर्ग होते हुए चलेगी।

(5) गाड़ी संख्या 12853 दुर्ग भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस दिनांक 26 नवंबर 2024 को परिवर्तित मार्ग दुर्ग - गोंदिया जबलपुर होते हुए चलेगी।

(6) गाड़ी संख्या 15159 छपरा दुर्ग एक्सप्रेस दिनांक 26 नवंबर 2024 को परिवर्तित मार्ग जबलपुर गोंदिया दुर्ग होते हुए चलेगी।

(7) गाड़ी संख्या 15160 दुर्ग छपरा एक्सप्रेस दिनांक 26 नवंबर 2024 को परिवर्तित मार्ग दुर्ग - गोंदिया - जबलपुर होते हुए चलेगी।

गाड़ी संख्या 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस जो कि कल दिनांक 25/11/2024 को पुरी से योगनगरी ऋषिकेश के लिए रवाना हुई थी, को परिवर्तित मार्ग बिलासपुर-गोंदिया-जबलपुर-कटनी मुरवारा के रास्ते गंतव्य को रवाना किया जा रहा है।

गाड़ी संख्या 12549 दुर्ग - एमसीटीएम (ऊधमपुर) एक्सप्रेस जो कि आज दुर्ग स्टेशन से एमसीटीएम (ऊधमपुर) के लिए छूटेगी, को परिवर्तित मार्ग दुर्ग - गोंदिया-जबलपुर-कटनी मुरवारा के रास्ते गंतव्य को रवाना किया जा रहा है । यात्रियों की सुविधा हेतु बूथ की स्थापना बिलासपुर, रायगढ़, अनुपपुर, शहडोल, उसलापुर, दुर्ग, रायपुर एवं गोंदिया इत्यादि महत्वपूर्ण स्टेशनों पर की गई है।